563

आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
2	3

अभिलेख उपस्थापित।

(1.) मिश्रीलाल पासवान पिता स्व0 गोरी राम पासवान एवं (2.) अशोक कुमार पासवान पिता स्व0 धनेश्वर राम, निवास स्थान हुडहुडु पंडितजी मुहल्ला, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-हुडहुडु, थाना संख्या-147, खाता संख्या-05, प्लॉट संख्या-2016 रकबा 0.0266 एकड़ (2.66 डिसमिल) (दो दशमलव छःछः डिसमिल) भूमि दिलीप कुमार पिता स्व0 भोला रजवार, निवास स्थान ग्राम-मरदू टोली, पोस्ट-हरली, थाना-बड़कागाँव, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-384/2023 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 2108/रा0 दिनांक 17.06.2023 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 1665 दिनांक 23.08.2023 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं बैंक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि खतियान से हासिल है। प्रश्नगत् भूमि रैयती खास की है। खतियानी रैयत कलपू दुसाध वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकबा 18.09 एकड़ भूमि है। पंजी-II अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 12.34 एकड़ भूमि है। पंजी-II के पृष्ठ संख्या-71 पर ऑनलाईन में कैलाश दुसाध के नाम से जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद 2023-24 तक निर्गत् है। आवेदक संख्या-01 के छरदादा एवं आवेदक संख्या-02 के परदादा जमाबंदी रैयत हैं। भूमि संयुक्त खाते की है। आवेदक घरेलु बँटवारा के अनुसार अपने हिस्से की भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् संयुक्त खाते में रकवा 12.3434 एकड़ भूमि बचता है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रस्तावित भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है।

अनुसूची 14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर
	2

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहदी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में (1.) मिश्रीलाल पासवान पिता स्व0 गोरी राम पासवान एवं (2.) अशोक कुमार पासवान पिता स्व0 धनेश्वर राम, निवास स्थान हुड्हुड़ु पंडितजी मुहल्ला, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-हुड्हुड़ु, थाना संख्या-147, खाता संख्या-05, प्लॉट संख्या-2016 रकबा 0.0266 एकड़ (2.66 डिसमिल) (दो दशमलव छः छः डिसमिल) भूमि दिलीप कुमार पिता स्व0 भोला रजवार, निवास स्थान ग्राम-मरदू सोती, पोस्ट-हरली, थाना-बड़कागाँव, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.09.23 16:55:49 +05:30
Location: 192.168.0.107